08- JAN- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 1/8/2024 11:54 PM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024 haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# राम मंदिर में अनूठा घंटा

## 10 किमी तक सुनाई देगी 'ॐ' की ध्वनि

**अयोध्या।** राम मंदिर को भव्य बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली हर एक चीज चर्चा में है। राम मंदिर में लगने वाले घंटे को रामेश्वरम में तैयार कर अयोध्या लाया गया है। राम मंदिर के लिए एक अनोखा घंटा भेंट किया गया है। इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक सुनाई देगी। इसकी चौड़ाई 3.9 फीट है और इसकी लंबाई 4 फीट है। इस घंटे की खास बात ये है कि एक बार बजने पर ॐ की आवाज निकलेगी। तमिलनाडु के रामेश्वरम से 613 किलो वजन का यह विशेष घंटा राम मंदिर के लिए भिजवाया गया है। इस विशाल घंटे को तमिलनाडु के रामेश्वरम से 4500 किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या लाया गया है।

**613** किलो वजन

**3.9** फीट चौड़ा

**4** फीट लंबा

### घंटे पर लिखा है राम का नाम

घंटे पर राम का नाम लिखा है। इस घंटे को अष्टधातु से तैयार किया गया है। इस घंटे को तैयार करना कोई आसान काम नहीं था बल्कि इसे तैयार करने में 400 के करीब कर्मचारी लगे थे जिन्होंने दिन-रात एक कर इस घंटे को तैयार किया है। रामलला को यह विशेष घंटा तमिलनाडु की लीगल राइट काउंसिल की ओर से भेंट किया गया है।




400 कर्मचारियों ने किया तैयार

# अनुष्ठान में होंगे 11 यजमान, 12 अधिवास

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का दिन, समय के बारे में विस्तार से बताया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 11 यजमान, 12 अधिवास होंगे। श्री रामलला की मूर्ति का जिस कुटिया में निर्माण किया गया, 16 जनवरी को पूजन का प्रारंभ उसी कर्म कुटी से होगा। इसके बाद मूर्ति का निर्माण करने वाले शिल्पी का प्रायश्चित पूजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ब्रह्मा गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, सुनील दीक्षित, गजानंद जोगकर, अनुपम दीक्षित, घटाटे गुरुजी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इसमें 11 यजमान भी होंगे। विश्व हिंदू ▶▶ शेष पेज 6 पर

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया वीडियो



### निकटवर्ती राम मंदिर जाकर करें प्रभु के दर्शन

चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी को जो मेहमान आने हैं वह तय हो गए हैं। सभी लोग उस दिन नहीं आ सकते इसलिए वह अपनी निकटवर्ती राम मंदिर जाकर प्रभु के दर्शन करें। साथ ही घर पर पांच दिए जलाएं। उन्होंने पीएम के आगमन और पूजा की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया।

## हनुमान फिल्म की हर टिकट से 5 रुपए राममंदिर के लिए

**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता तेजा सज्जा और निर्देशक प्रशांत वर्मा की 'हनुमान' 12 जनवरी को पूरे देश में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार चिरंजीवी चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। इवेंट में 'भोला शंकर' अभिनेता ने खुलासा किया कि फिल्म 'हनुमान' के निर्माताओं ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रत्येक टिकट से 5 रुपये दान करने का वादा किया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। साउथ इंडियन सुपरस्टार चिरंजीवी को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है।

**प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार ने की घोषणा**

## 40 साल बाद जूता पहनेंगे बलराम

**भोपाल।** दमोह जिले में रहने वाले भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त 56 वर्षीय बलराम पांडे पिछले 40 वर्ष से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का संकल्प लेकर नंगे पैर चल रहे हैं। अब उनका यह संकल्प पूरा हो गया है। अब जल्द ही अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। उसके बाद वहीं पर पैरों में चप्पल-जूते पहनेंगे। बटियागढ़ निवासी बलराम पांडे के पूर्वज अयोध्या में ही रहते थे। बाद में परिवार बटियागढ़ में बस गया। बलराम पांडे अक्सर अयोध्या जाते रहते थे। जब उनकी आयु 16 वर्ष थी, तब 1983 में स्वजनों के साथ अयोध्या गए थे। उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता वे नंगे पैर ही चलेंगे।

**दमोह के बलराम पांडे ने 16 साल में ली थी प्रतिज्ञा**






### बिलकीस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# गुजरात सरकार का आदेश रद्द, रिहा हुए 11 दोषी फिर जाएंगे जेल, दिए 2 हफ्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/दाहोद

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया और पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बानो के कुछ रिश्तेदारों ने दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया में पटाखे चलाए।

शीर्ष अदालत ने मामले पर अपने 251 पन्नों के फैसले में कहा कि बिना सोचे समझे सजा माफी का आदेश दिया गया। फैसले का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 6 पर



*गुजरात के गोधरा में उम्र कैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया गया था। ये सभी बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात सरकार के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने 2 हफ्ते के भीतर सभी आरोपियों को सरेंडर करने का आदेश दिया है।*

### किस कानून के तहत मिली थी माफी

- संविधान के अनुच्छेद 72 और 161 में राष्ट्रपति-राज्यपाल को सजा कम करने, माफ करने की शक्ति है।
- 11 दोषी में एक राधेश्याम शाह ने सुप्रीम कोर्ट में सजा माफी के लिए दायर की थी याचिका
- सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को याचिका पर फैसला लेने को कहा था
- गुजरात सरकार ने एक कमेटी गठित की थी, इसने माफी की याचिका स्वीकार कर ली



### फिर क्यों जाएंगे जेल

बिलकिस बानो ने गुजरात सरकार के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सरकार के इस आदेश को किसी भी अन्य सरकारी आदेश की तरह ही चुनौती दी जा सकती है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी 11 दोषियों की सजा पर मिली छूट को रद्द कर दिया।

### ये हैं 11 आरोपी

11 आरोपियों को दोषी ठहराया गया था उनमें जसवंतभाई नाई, गोविंदभाई नाई, नरेश कुमार मोरधिया (मृतक), शैलेष भट्ट, राधेश्याम शाह, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, प्रदीप वोहानिया, बाकाभाई वोहानिया, राजूभाई सोनी, नितेश भट्ट, रमेश चंदना और हेड कांस्टेबल सोमाभाई गोरी शामिल थे।

### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- दोषियों की सजा माफ करने के अनुरोध वाली अपीलों पर विचार करना गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं था क्योंकि यह सीआरपीसी की धारा 432 के तहत (इस संबंध में फैसले लेने के लिए) उपयुक्त सरकार नहीं थी।
- शीर्ष अदालत ने सजा में छूट पाए दोषियों में से एक की याचिका पर गुजरात सरकार को विचार करने का निर्देश देने वाली अपनी एक अन्य पीठ के 13 मई, 2022 के आदेश को 'अमान्य' माना।
- सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया।
- गुजरात सरकार ने महाराष्ट्र राज्य की शक्तियों में 'अतिक्रमण' किया क्योंकि केवल महाराष्ट्र सरकार ही सजा से छूट मांगने वाले आवेदनों पर विचार कर सकती थी।
- गुजरात राज्य की 9 जुलाई 1992 की सजा से छूट संबंधी नीति मौजूदा मामले के दोषियों पर लागू नहीं होती।

**प्रियंका बोलीं- अंततः न्याय की जीत**

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सीपीआई(एम) नेता बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि 'बिलकिस बानो ने अपने दम पर न्याय की लड़ाई लड़ी।

### डीजीसीए की नई गाइडलाइन

# पायलट अब करेंगे 48 घंटे का विश्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने चालक दल के सदस्यों के लिए उड़ान ड्यूटी समय सीमा को संशोधित करते हुए साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ा कर 48 घंटे कर दी है। रात्रि में 'लैंडिंग' की संख्या पूर्व के छह की तुलना में घटा कर केवल दो कर दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ये नियम एक दशक से अधिक समय से थकान संबंधी विमानन सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण हैं। बयान में कहा गया है कि एयरलाइन को संशोधित नियमों का एक जून तक अनुपालन करने की जरूरत है। डीजीसीए ने पायलट थकान रिपोर्ट का विश्लेषण किया है।

### पहले हर हफ्ते था 36 घंटे

एयरलाइन संचालकों, पायलट संघों एवं व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया लेने और डेटा का व्यापक विश्लेषण करने के बाद संशोधित नियम तैयार किये गए हैं। संशोधित नियमों में, चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक आराम की अवधि 36 घंटे से बढ़ा कर 48 घंटे कर दी गई है।

### रात की अवधि 6 बजे तक

इसके अलावा, रात की परिभाषा में संशोधन किया गया है और अब इसके दायरे में रात्रि 12 बजे से सुबह छह बजे की अवधि होगी, जबकि पूर्व में यह अवधि रात्रि 12 बजे से सुबह पांच बजे तक की थी। बयान के अनुसार, रात्रिकालीन परिचालन के दौरान पूर्ववर्ती नियमों के तहत अनुमति प्राप्त अधिकतम छह 'लैंडिंग' की संख्या को अब केवल दो तक सीमित कर उड़ान सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## खबर संक्षेप

### उर्दू अकादमी अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे इदरीस

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक अहम मामले में निर्णय सुनाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी को बड़ी राहत देते हुए उन्हें उनके पद पर बने रहने का आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति एन के चन्द्रवंशी की एकलपीठ ने निर्देश दिया।



### 'जल्लीकट्टू' कानून की वैधता पर होगा विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'जल्लीकट्टू' को अनुमति देने के लिए राज्य की ओर से कानून में किए गए संशोधनों की वैधता को बरकरार रखने वाले अपने 2023 के फैसले की समीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गया।



### पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर चंद्रमा की ओर रवाना

**केप केनवेरल।** पचास से अधिक वर्षों में पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर सोमवार को चंद्रमा की ओर रवाना हुआ। इससे नासा और अन्य ग्राहकों के लिए सेवा प्रदायगी के वास्ते निजी कंपनियां अंतरिक्ष की दौड़ में शामिल हो गई हैं।



### देश में कोविड के 605 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 605 नए मामले मिले। उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 4,002 हो गई है। कुल चार संक्रमितों की मौत हुई है जिनमें केरल के दो और कर्नाटक तथा त्रिपुरा का एक-एक रोगी शामिल है।



### अमिताभ ने की लक्षद्वीप अंडमान की तारीफ

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच अमिताभ बच्चन ने भारत की आत्मनिर्भरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अंडमान अद्भुत रूप से सुंदर स्थान हैं।



# भूपेश के पिता नंद कुमार बघेल नहीं रहे, अंतिम संस्कार कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल (89) का सोमवार को सुबह 6 बजे निधन हो गया। श्री बघेल पिछले 3 माह से राजधानी के श्री बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती थे। हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि नंद कुमार बघेल लंबे समय से अस्वस्थ थे और कमजोर हो गए थे। उन्होंने सोमवार को आखिरी सांसें लीं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

- **मोदी, शाह, खड़गे और राहुल सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया**

**पिता के निधन की खबर मिलते ही दिल्ली से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**



### राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री बघेल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हुतात्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

# मंत्री बनाकर मैदान में उतारा, फिर भी हारे

- राजस्थान विधानसभा चुनाव, कांग्रेस के रूपेंद्र सिंह कुन्नर को मिली जीत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर सीट पर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। यहां भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर से 12 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए हैं। सरकार बनने के एक महीने बाद ही भाजपा को करणपुर विधानसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। चुनावी नतीजे से सरकार की सेहत पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### काम नहीं आया भाजपा का दांव

हालांकि इस सीट पर चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने भी पूरा जोर लगाया था। पार्टी ने अपने प्रत्याशी को जीत से पहले ही मंत्री बनाकर जीत की उम्मीद बढ़ा दी थी। सुरेंद्र पाल सिंह को पार्टी ने चार विभागों जिम्मा भी सौंपा था, लेकिन भाजपा का यह दांव काम नहीं आ सका।

### ड्राई फ्रूट्स बाजार में पहली बार कीमतों में राहत की मिठास

# काजू-बादाम धड़ाम, दाम घटे, 680 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मिठाई में डालने वाला बारीक पिस्ता इतिहास में पहली बार रिकॉर्ड 36 सौ रुपए पर पहुंच गया है। दो माह पहले इसकी कीमत 18 सौ रुपए के करीब थी, लेकिन अब कीमत डबल हो गई है, लेकिन बाकी ड्राई फ्रूट्स की कीमत जमीन पर आ गई है। इस समय बाजार में काजू और बादाम की कीमत 12 साल पुराने स्तर पर पहुंच गई है। काजू और बादाम दोनों की कीमत इस समय 680 रुपए किलो है। इसी के साथ किशमिश 150 से 300 रुपए, अखरोट 800, अंजीर पांच से छह सौ रुपए किलो है। दाम कम होने का कारण यह है कि इस बार इन सब ड्राई फ्रूट्स की भरपूर फसल हुई है। ऐसे में बाजार में भारी मात्रा में स्टॉक है।

कारोबारी श्रीराम सेवलानी का कहना है, ड्राइफूड्स में अरसे बाद ऐसी गिरावट आई है। अलबत्ता पिस्ता का गणित कुछ दूसरा है। इसके दाम बढ़ने का कारण यह है कि एक तो इसकी फसल कम है और दूसरे डिमांड ज्यादा और सप्लाई कम है। ▶▶ शेष पेज 6 पर



### मिठाई में डालने वाला पिस्ता 3600 रुपए किलो

कारोबारियों के मुताबिक इस बार बारीक पिस्ते की नई फसल बहुत कम हुई है। इसकी वजह से अफगानिस्तान, तुर्की और ईरान से पिस्ते की सप्लाई कम आ रही है। जहां तक डिमांड का सवाल है, तो लगातार शादियों के सीजन के कारण डिमांड ज्यादा होने से कीमत लगातार बढ़ती गई। पहले कीमत दो हजार के पार हुई, इसके बाद कीमत ने तीन हजार का अंक पार किया और अब कीमत 36 सौ पहुंचकर चार हजार की तरफ जा रही है। आने वाले समय में कीमत चार हजार तक जा सकती है।




08- JAN- COR- MAIN- Pg- 2 SODKU-D-VIDESH_Layout 1 1/8/2024 9:57 PM Page 1



*राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाला है। इस आयोजन को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उत्सव का महौल है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब के साथ-साथ दुनिया के 160 देशों में आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा जैसे कई देशों में मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन, शोभा यात्रा और मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा।*

# 160 देशों में दिखेगी रामजी की मंगला आरती और उत्सव की झलक

## 2 मुस्लिम राष्ट्र में भी दिखेगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं। विश्व हिंदू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के विश्व भर के देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रमों को वहां लाइव दिखाया जायेगा। कार्यक्रमों की बात करें तो शहरों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।

### टाइम जोन का रखा जाएगा ध्यान

आलोक कुमार ने बताया जर्मनी जैसे देश जहां टाइम जोन के हिसाब से समय अनुकूल है, वहां लाइव देखा जायेगा। अमेरिका जैसे देश जहां टाइम जोन अनुकूल नहीं है वहां पर मंगला आरती का कार्यक्रम सामूहिक रूप से देखा जायेगा। इसके अलावा आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया है। वहीं, भारत में 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों के घरों में अक्षत पहुंचाया जाएगा। कुमार ने बताया कि हमारा 5 लाख जगहों पर लाइव स्ट्रीमिंग का लक्ष्य था, लेकिन अब लग रहा है उस से ज्यादा जगह कार्यक्रम होगा।



### टाइम्स स्क्वायर पर होगा प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देश में ही नहीं विदेश में भी होगा। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसारण विभिन्न देशों में भारतीय दूतावासों में भी किया जाएगा। इस अवसर पर पीएम मोदी रामभक्तों को संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी समारोह की तैयारियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उन्होंने उन अनुष्ठानों और नियमों के बारे में भी विस्तृत जानकारी मांगी है जिनका उन्हें पालन करना आवश्यक है।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय

*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया है। ये समय 22 जनवरी 2024 को 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। यह मंदिर तीन मंजिला है, जिसकी प्रत्येक मंजिल 20 फीट ऊंची है। इसमें कुल 392 खंभे और 44 दरवाजे हैं।*

## खबर संक्षेप

### मायावती ने पार्टी दफ्तर की सुरक्षा को बताया खतरे में



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में बसपा के राज्य मुख्यालय के पास बने पुल को पार्टी कार्यालय की सुरक्षा के लिये खतरा करार देते हुये प्रदेश सरकार से बसपा कार्यालय को किसी 'सुरक्षित स्थान' पर ले जाने की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती के इस बयान पर पलटवार करते हुए बसपा को भाजपा से मिली हुई पार्टी बताया और कहा कि पार्टी नेतृत्व को अगर लगता है कि उसकी सुरक्षा को खतरा है तो वह केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखकर इस पुल को तुड़वा दे।

### पाक : खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा हमला, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। धमाके में 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने की भी खबर है। हमला पुलिस प्रोटेक्शन टीम को निशाना बनाकर किया गया था।

*बिलकीस और उसके परिवार के साथ 3 मार्च 2002 को की गई थी दरिंदगी*

# निर्मम पिटाई, सामूहिक दुष्कर्म मासूम को पटककर मार डाला

*21 साल से भी ज्यादा पुराना बिलकीस बानो मामला एक बार फिर चर्चा में है। सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने इस मामले के 11 दोषियों की रिहाई का गुजरात सरकार का फैसला रद्द कर दिया। ये सभी दोषी गुजरात के गोधरा में साम्प्रदायिक हिंसा के दौरान बिलकीस बानो नाम की महिला से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। इन्हें 15 अगस्त 2023 को गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। उच्चतम न्यायालय कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था। आइए जानते हैं, कौन हैं बिलकीस बानो व उनके साथ क्या हुआ था?*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### एक बार फिर चर्चा में है 21 साल से भी ज्यादा पुराना केस

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आगजनी से अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद भड़के दंगों में परिवारों में एक बिलकीस बानो का भी परिवार था। गोधरा कांड के चार दिन बार तीन मार्च 2002 को बिलकीस के परिवार को बेहद क्रूरता का सामना करना पड़ा। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकीस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे। दंगाइयों ने बिलकीस के परिवार के सात लोगों को मौत के घाट उतारा दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो कांड के आरोपियों की रिहाई की है रद्द

ऐसे हुई घटना



दाहोद जिले के राधिकपुर गांव में बिलकीस बानो का परिवार रहता था। दंगा बढ़ते देख परिवार ने गांव छोड़कर भागने का फैसला लिया। उस वक्त बिलकीस पांच महीने की गर्भवती थीं। वह अपने साढ़े तीन साल की बेटी सालेहा और परिवार के 15 अन्य सदस्यों के साथ गांव से भाग गई थीं। 3 मार्च 2002 को परिवार चप्परवाड़ गांव में छुपा था, वहां सजा पाने वाले 11 दोषियों समेत करीब 20-30 लोगों ने हमला कर दिया था। उसी दौरान, पांच माह की गर्भवती बिलकीस के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी को चट्टान पर पटक कर मार डाला गया था। 'बिलकिस की मां और चचेरी बहन के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। चार नाबालिग भाई-बहन, उनकी चचेरी बहन का दो दिन का बच्चा...चाची-चाची, अन्य चचेरे भाई-बहनों की हत्या कर दी गई।' हालांकि 14 मौतें हुईं, केवल सात के शव ही बरामद किए जा सके, क्योंकि जिस स्थान पर घटना घटी वह सुरक्षित नहीं था। इस हमले में केवल बिलकीस, उनके परिवार के पुरुष सदस्य और एक तीन साल का बच्चा बच सका था। घटना के बाद बिलकीस कम से कम तीन घंटे तक बेहोश रहीं। होश में आने के बाद उन्होंने एक आदिवासी महिला से कपड़े उधार लिए और बाद में लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### सीबीआई जांच के आदेश

गोधरा राहत शिविर में पहुंचने के बाद ही बिलकिस को जांच के लिए एक शासकीय अस्पताल ले जाया गया। कुछ दिनों बाद उनका मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और सुप्रीम कोर्ट तक गया। यहां से मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। इसके बाद जनवरी 2008 में एक विशेष अदालत ने 11 आरोपियों को दुष्कर्म, हत्या, गैर कानूनी रूप से इकट्ठा होने समेत अन्य धाराओं में दोषी ठहराया गया। इस मामले में सजा काट रहे 11 दोषियों को 15 अगस्त 2023 को रिहा कर दिया गया था जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली।

*सीट बंटवारे पर कांग्रेस और आप की बैठक*

# एकजुट होकर भाजपा को चुनौती देने पर दिया जोर

सीट शेयरिंग पर नहीं हुआ फैसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा के लिए सोमवार को यहां बैठक की और इस बात पर जोर दिया कि वे एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के सदस्यों के साथ 'आप' के नेताओं संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस की ओर से गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कुछ अन्य नेता शामिल हुए। दोनों दलों के नेताओं ने सीट बंटवारे को लेकर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की, हालांकि उनका कहना था कि दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

### कई मुद्दों पर हुई चर्चा

आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वासनिक ने कहा कि चुनाव से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, "हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों को लेकर बैठक की। बातचीत जारी रहेगी और हम फिर मिलेंगे। उसके बाद ही हम सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लेंगे। हर चीज पर विस्तार से चर्चा हुई। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे। हम भाजपा को शिकस्त देंगे।" वासनिक ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर जल्द फैसला होगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ है तथा उसने गुजरात विधानसभा चुनाव में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सूत्रों का कहना है कि आम आदमी पार्टी गुजरात और हरियाणा में भी कांग्रेस से सीटों की अपेक्षा रखती है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई प्रमुख नेता प्रदेश में आप के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा था कि आप के साथ गठबंधन पर फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। पंजाब में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसने प्रदेश की 13 में से आठ सीटें जीती थीं।

### ईडी ने किया सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध



**चेन्नई।** ईडी ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि उनकी अर्जी को देखकर पता चलता है कि उन्हें राहत देने के बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है। याचिकाकर्ता बहुत प्रभावशाली और शक्तिशाली हैं तथा जमानत मिलने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं या गवाहों को धमका सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने एक अदालत में कहा कि इसके बजाय अदालत को अभियोजन पक्ष के गवाहों की सूची को तलब करके मुकदमा शुरू करने और आरोप साबित करने पर विचार करना चाहिए जिसके लिए पर्याप्त सबूत हैं।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

*गणतंत्र दिवस परेड को लेकर आईएएफ ने दी जानकार*

# भारतीय वायुसेना दल का हिस्सा बनेंगी अब महिला अग्निवीर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला अग्निवीर वायु सैनिक इस साल के गणतंत्र दिवस परेड के लिए भारतीय वायु सेना दल का हिस्सा होंगी। भारतीय वायु सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई। बता दें कि इस साल होने वाले गणतंत्र दिवस के परेड में कुल 2,274 कैडेट दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें महिला कैडेटों की भागीदारी बढ़ेगी। रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में बताया कि पूर्वोत्तर की 45 लड़कियों वाला एक बैंड पहली बार इस शिविर में भाग ले रहा है। इस बैंड के सदस्य 13 से 15 आयु वर्ग के हैं, जो पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश के हर कोने तक एनसीसी की पहुंच का प्रदर्शन करते हैं। पिछले साल 2023 में गणतंत्र दिवस के परेड में 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से आए 710 लड़कियों सहित कुल 2,155 कैडेटों ने भाग लिया था।

### दो महिला टुकड़ी करेंगी मार्च

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ियों के मार्च करने का कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, 144 कर्मियों सहित एक टुकड़ी में सभी महिला सैनिक मौजूद होंगी, जिनमें 60 सेना से और शेष भारतीय वायु सेना और नौसेना से रहेंगी। वहीं, एक अन्य महिला दल सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय से होगा, जिसमें सैन्य नर्सिंग सेवाओं की नर्सें शामिल होंगी और परेड में उनका नेतृत्व महिला डॉक्टर करेंगी।

# मालदीव के लिए ईज मॉय ट्रिप ने की सभी फ्लाइट्स की बुकिंग कैंसिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लक्षद्वीप में टूरिज्म को बढ़ावा देने की अपील के बाद देश में बायकॉट मालदीव कैंपेन चल रहा है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा की गई भारत विरोधी अभद्र टिप्पणियों को लेकर ट्रैवल कंपनियों ने राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाई है। सोमवार को ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रिप ने बताया कि पीएम की विजिट के बाद उनके प्लेटफॉर्म पर लक्षद्वीप को लेकर सर्चिंग में 3400 फीसदी का उछाल आया है। वहीं, एक अन्य ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ईज मॉय ट्रिप भी मालदीव के लिए सभी फ्लाइट्स की बुकिंग कैंसिल करने का ऐलान कर चुकी है। कंपनी के को-फाइंडर और सीईओ निशांत पिट्टी ने कहा कि राष्ट्र के साथ एकजुटता के लिए हमने मालदीव के लिए सभी बुकिंग कैंसिल की हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की अन्य टूरिज्म कंपनियां भी इस फैसले का समर्थन करेंगी।

### भारत-मालदीव के रिश्तों में आई खटास

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 2 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने समुद्री बीच की कई तस्वीरें एक्स (ट्विटर) पर शेयर की थीं। साथ ही मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि अगर आप विदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं तो उससे पहले एक बार लक्षद्वीप जरूर जाएं। प्रधानमंत्री मोदी की अपील से खिसियाहट में आकर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने भारत का मजाक उड़ाते हुए अपमानजनक कमेंट किए थे।

# अमेरिका में खालिस्तानियों की हरकत इंडियन कॉन्सुलेट का रोका रास्ता

पन्नू के प्रतिबंधित संगठन की हरकत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


अमेरिका दौरे पर गई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम को चुनौती देते हुए, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्सुलेट का रास्ता रोक दिया है।

शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि इसके लिए उसने एक झांकी का इस्तेमाल किया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण किया गया है। इसमें उसने गोलियां दागते हुए सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को 'शहीद' बताया है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने कहा कि वे 'अपने समकक्षों से बात करेंगे। इधर, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बयान भी जारी किया है। इस बयान में कहा गया है कि 'हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचकर हिंसा का चक्र शुरू करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को 31 अक्टूबर, 1984 को नहीं भूलना चाहिए और सिखों ने हमेशा भारत द्वारा की गई हिंसा का जवाब दिया है।' सूत्रों ने कहा कि यह एक गंभीर बयान है और साथ ही किसी भी कॉन्सुलेट का रास्ता रोकना बड़ा मुद्दा है; इन पर भारत सरकार के अधिकारी अपने समकक्षों से चर्चा करने वाले हैं।

### कनाडा में हुई थी आतंकी निज्जर की हत्या

*हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को कनाडा के सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। वह प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था और 2020 में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत भारत सरकार द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था. इस घटना के बाद से आतंकी पन्नू मामले को उठा रहा है।*


## शब्द पहेली - 5389



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5388 का हल



## सूडोकु नवताल- 5399

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

08- JAN-CITY- MAIN- Pg- 3 FRINT_Layout 1 1/8/2024 11:57 PM Page 1


बिलासपुर

मंगलवार, 9 जनवरी 2024

पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 23, अंक : 319

पृष्ठ : 10+6 = 16, मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 29.4

न्यून. 15.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी...

विचार पेज 2 हसीना सरकार की वापसी सुखद







inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## प्रधानमंत्री ने नक्सल प्रभावित बस्तर को टटोला, बस्तरिया युवती से पूछे सवाल

# मोदी ने पूछा- दिल्ली की योजनाएं बस्तर पहुंची या नहीं, जवाब- सबका मिला लाभ

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने के लिए छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कांकेर

प्रधानमंत्री से संवाद के दौरान कांकेर के एक किसान परिवार से संबंध रखने वाली महिला भूमिका भूआराया ने बताया कि वह अपने गांव में 29 वन धन समूहों में से एक में सचिव के रूप में काम करती हैं। महिला ने बताया कि उन्होंने वन धन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जल जीवन, मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भूमिका की जागरूकता से प्रभावित प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे अनुभवों से सरकार को लोगों के लिए काम करने में काफी हद तक मजबूती मिलती है। उन्होंने समय पर राशन की उपलब्धता के बारे में भी भूआराया से जानकारी ली। उत्सुक होकर प्रधानमंत्री ने उनसे सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के उनके स्रोत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका परिवार और माता-पिता ही इसके स्रोत हैं। मोदी ने गांव के अन्य निवासियों से बच्चों की शिक्षा में निवेश करने का आग्रह किया। भूआराया ने प्रधानमंत्री को अपने स्वयं सहायता वन धन समूह के बारे में भी जानकारी दी, जहां महुआ लड्डू और आंवले के अचार का उत्पादन होता है।



उत्तर बस्तर कांकेर जिले की भूमिका से प्रधानमंत्री मोदी ने की चर्चा

भूमिका ने बताया, वन धन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ

बस्तर में महुआ लड्डू और आंवले के अचार उत्पादन की दी जानकारी



### माता पिता से मिली योजनाओं की जानकारी

*प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान कांकेर की भूमिका ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि का भी लाभ मिल रहा है। भूमिका ने बताया कि योजनाओं की जानकारी माता पिता के माध्यम से मिली। वह और उनका छोटा भाई कॉलेज में अध्ययनरत हैं। पीएम ने भूमिका के जागरूक माता पिता को प्रणाम करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता के कारण ही बच्चे उच्च शिक्षा का लाभ ले रहे हैं।*

### यूपी की स्वसहायता समूह की आय 1 करोड़

*उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के लक्ष्मी प्रजापति ने प्रधानमंत्री को अपने लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के बारे में बताया जिसमें 12 सदस्य और लगभग 75 सहयोगी शामिल हैं और इनकी सामूहिक वार्षिक आय लगभग 1 करोड़ रुपए है। प्रजापति का परिवार टेराकोटा रेशम के व्यवसाय से जुड़ा है। पीएम विश्वकर्मा योजना के पीछे के विचार को समझाते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक जीवन बदलने वाली योजना है जो सभी कलाकारों और शिल्पकारों को आधुनिक उपकरण और प्रौद्योगिकी प्रदान करती है।*

### किसान की आय 20 हजार से हुई डेढ़ लाख

आइजोल में जैविक खेती करने वाले किसान शुय्या राल्टे ने प्रधानमंत्री को अदरक, मिजो मिर्च और अन्य सब्जियों के उत्पादन और उन्हें दिल्ली स्थित कंपनियों को अपनी उपज बेचने का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इससे उनकी आय 20,000 रुपए से बढ़कर 1,50,000 रुपए हो गई। पिछले साल 15 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत के बाद से ही मोदी ने नियमित रूप से पूरे देश में लाभार्थियों के साथ संवाद किया है।

### पंजाब में संगठित हो गए किसान

कार्यक्रम के दौरान पंजाब के गुरदासपुर के गुरविंदर सिंह बाजवा ने प्रधानमंत्री को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि कृषि क्षेत्र में सर्वोत्तम संभवित लाभ पाने के लिए किसान छोटे समूहों में संगठित हो गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि उनका किसानों का समूह हर प्रकार के दुष्प्रभाव से मुक्त खेती पर काम कर रहा है और इसके लिए उन्हें मशीनरी पर सब्सिडी भी मिली है। उन्होंने बताया, इससे छोटे किसानों को पराली प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य में भी मदद मिली। बाजवा ने प्रधानमंत्री को बताया कि 'मोदी है तो मुमकिन है' और इसी वजह से लोगों में बहुत उम्मीदें भी जगी हैं। प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि यह इसलिए संभव होता है क्योंकि किसान उनके अनुरोध को सुनते हैं।


## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री पुरस्कार के प्रारूप में बदलाव



**नई दिल्ली।** लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 के लिए योजना की रूपरेखा में बदलाव किया गया है। लक्षित लाभार्थियों और सरकार के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों के कार्य प्रदर्शन को चिह्नित किया जा सके। उचित पंजीकरण और आवेदन जमा करने 'पीएम अवार्ड्स वेब पोर्टल' पर पंजीकरण शुरू हो गया है।

### दंपती की कुएं में गिरने से मौत



**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में कुएं में गिरने से एक युगल की मौत हो गई। कल्याणपुरा गांव में खेत पर रखवाली करने वाले कैलाश बंजारा की पत्नी सुगना पैर फिसल जाने से रविवार को कुएं में गिर गयी, जिसे बचाने के लिये वह भी कुएं में कूद गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों की डूबने से मौत हो गयी।

### पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने बीजद से दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने सोमवार को सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दे दिया। माझी पांच बार विधायक रह चुके हैं।उन्होंने यह कदम राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही होने वाले विधानसभा चुनाव से महज कुछ महीने पहले उठाया है।

### तमिलनाडु में भारी बारिश स्कूलों में छुट्टी घोषित



**चेन्नई।** तमिलनाडु में उत्तरी क्षेत्र समेत कई हिस्सों में रातभर बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को कई जिलों में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई और पड़ोसी चेंगलपट्टू और कांचीपुरम के अलावा विल्लुपुरम, कल्लाकुरीची, कडलूर, नागपत्तिनम और तिरुवरुर में अच्छी बारिश हुई।

### हेड कांस्टेबल समेत दो पुलिसकर्मियों की मौत



**गाजियाबाद।** कार के डिवाइडर से टकरा जाने से उसमें सवार दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल और एक सिपाही की मौत हो गयी। रविवार रात दिल्ली के विवेक विहार स्थित अपने घर जा रहे बिल्डर निखिल चौधरी की सुरक्षा में जयओम शर्मा (35) और जगबीर राघव (36) तैनात थे।

## अब उद्यानिकी विश्वविद्यालय भर्ती में गड़बड़ी, शिकायत पर प्रक्रिया रोकी, बनी जांच समिति



*महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि सांकरा का मामला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने राज्य की महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि सांकरा, पाटन में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को स्थगित रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने कहा है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि भर्ती में की गई गड़बड़ी की पूरी जांच कराई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि में 35 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती में दोष पूर्ण प्रक्रिया तथा प्रबंध मंडल के गठन में की गई अनियमितता को लेकर कई शिकायतें आई थीं। मंत्री ने शिकायतों को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चयन समिति गठन, विद्यार्थियों ने प्रक्रिया को बताया दोष पूर्ण

विद्यार्थियों ने कृषिमंत्री से चयन समिति के गठन की प्रक्रिया के दोष पूर्ण होने की भी शिकायत की। चयन समिति में कुल सचिव को साक्षात्कार में अंक देने का प्रावधान था, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों को कुलसचिव द्वारा अंक देने से रोक दिया गया। सहायक प्राध्यापक पद की नियुक्तियों के लिए अनुमोदन देने बनाई गई प्रबंध समिति का गठन त्रुटिपूर्ण था।

चयन समिति

### विषय विशेषज्ञों को रखा बाहर

चयन के लिए बनाई समिति में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति अधिनियम के अनुसार नहीं की गई थी। विषय विशेषज्ञ न होने के कारण पीएचडी और गैर पीएचडी वाले अभ्यार्थियों को अन्य के मुकाबले कम नंबर देने की शिकायत आई है। वहीं प्रदेश के पीएचडी डिग्री वाले लोगों को कम नंबर देकर अन्य राज्यों के लोगों की भर्ती कर ली गई।

बांग्लादेश में हासिल की 223 सीट

## जीत के बाद बोलीं शेख हसीना-भारत सच्चा

एजेंसी ▶▶| ढाका



बांग्लादेश के आम चुनावों में शेख हसीना की 'अवामी लीग' ने भारी बहुमत हासिल कर ली है। इसके साथ ही शेख हसीना बांग्लादेश की सत्ता बरकरार रह गई। वो लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं और चौथी बार भी 299 सीटों के लिए हुए मतदान में 223 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी कर ली। एक उम्मीदवार के निधन के कारण 299 सीट पर चुनाव हुये थे। इस सीट पर मतदान बाद में होगा। जीत के बाद मीडिया से बातचीत में शेख हसीन ने भारत को सच्चा दोस्त बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। संसद में मुख्य विपक्षी दल जातीय पार्टी को 11, बांग्लादेश कल्याण पार्टी को एक और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने 62 सीट पर जीत दर्ज की।

जातीय समाजतांत्रिक दल और 'वर्कर्स पार्टी ऑफ बांग्लादेश' ने एक-एक सीट जीतीं। अवामी लीग पार्टी की प्रमुख हसीना (76) ने गोपालगंज-तृतीय सीट पर भारी मतों के अंतर से जीत हासिल की। संसद सदस्य के रूप में यह उनका आठवां कार्यकाल है। हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं और एकतरफा चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की है। अहम बात यह है कि 1991 में लोकतंत्र की बहाली के बाद से ऐसा दूसरी बार है जब सबसे कम मतदान हुआ। फरवरी 1996 के विवादास्पद चुनावों में 26.5 प्रतिशत मतदान हुआ था जो कि बांग्लादेश के इतिहास में सबसे कम है।

### शानदार जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

बांग्लादेश के चुनाव में मिली शानदार जीत पर पीएम मोदी ने भी शेख हसीना को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश के लोगों को चुनाव सफलपूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ अपनी स्थायी और जन-केंद्रित साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शेख हसीना से फोन पर बात कर और आवामी लीग को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

### भारत के साथ दोस्ती पर बांग्लादेशी प्रधानमंत्री

*प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आम चुनावों में मिली बड़ी जीत के बाद कहा, भारत ने 1971 में और 1975 में भी हमारा समर्थन किया था। परिवार के सदस्यों की हत्या के छह साल बाद, भारत ने मुझे, मेरी बहन और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को आश्रय दिया था। उन्होंने कहा, 'हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। हमारे बीच कई समस्याएं थीं लेकिन हमने इसे द्विपक्षीय तरीके से हल किया।*

*8 से 11 जनवरी तक प्रदर्शन*

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए 'हंगर स्ट्राइक' पर बैठे रेलवे के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली समेत यूपी बिहार में पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेल कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। ये हड़ताल 8 से 11 जनवरी के बीच चलने वाली है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जंतर मंतर के साथ ही अपने प्रशासनिक कार्यालयों पर भी भूख हड़ताल कर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच ने स्टीयरिंग कमेटी की बैठक और ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की कमिटी की बैठक में फैसला किया था।




### 9 से 5 बजे तक चलेगी ये हड़ताल

8 से 11 जनवरी को होने वाली यह भूख हड़ताल सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। इसमें रक्षा, शिक्षक और अन्य संस्थाओं के कर्मचारी भी शामिल होंगे। जेएफआरओपीएस के संयोजक और एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र ने यह जानकारी दी।

### पहले भी कर चुके हैं हड़ताल

रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नई पेंशन योजना उनके लिए असुरक्षित है। एनपीएस के तहत, पेंशन की राशि बाजार की स्थितियों से प्रभावित होती है। यदि बाजार में गिरावट आती है, तो पेंशन की राशि भी कम हो सकती है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत, कर्मचारी को अपने वेतन से पेंशन के लिए योगदान देना होता है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## ऑनलाइन गेमिंग : 28 फीसदी जीएसटी पर केंद्र से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के खिलाफ ई-गेमिंग फेडरेशन की याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य संबद्ध पक्षों से से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करने से पहले फेडरेशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमणी की दलीलों पर गौर किया।

### जीएसटी परिषद ने लागू की जीएसटी दरें

*जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई में अपनी एक बैठक में सिफारिश की थी कि कसीनो और घुड़दौड़ के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग पर एक समान दर से कर लगाया जाए। जीएसटी परिषद ने निर्णय लिया था कि 'कौशल के खेल' और 'किस्मत के खेल' के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए।*

## इतिहास में दूसरी बार होगा मतदान, 237 मतदाता चुनेंगे पदाधिकारी

एक माह के अंदर हो जाएंगे चुनाव

# छत्तीसगढ़ सराफा का चुनाव पहली बार पांच चुनाव अधिकारी कराएंगे

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में टेलीकॉलिंग हेतु फीमेल कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, बिलासपुर 7999899322 **(32462)**

**आवश्यकता है**-किताब दुकान में काम करने के लिए होनहार लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विवेक बुक डिपो, गुरूद्वारा के पास दयालबंद, बिलासपुर 9893378899 **(32458)**

**आवश्यकता है**-रेस्टोरेंट में काम करने के लिए नॉन वेज शेफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- छोटूजी रेस्टोरेंट भारतीय नगर चौक बिलासपुर 97556 55055, 9575655055 **(32453)**

**आवश्यकता है**-एकाउंटेंट-1, सेल्समेन-2, सर्विस एडवाइजर -1, फ्लोर सुपरवाइजर-1, सुपरवाइजर-1, टेलीकॉलर ऑपरेटर-4, की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- एस. मानसी होंडा, मुंगेली 9685010000, 79000 00143, 9131402454 **(32431)**

**आवश्यकता है**-शारदा मोटर्स में कार्य करने हेतु सेल्स प्रमोटर -2 पद , फाइनेंस मैनेजर -1 पद केवल पुरुष की आवश्यकता है। बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें-7509050746, 90982 72515 **(32456)**

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग मैनेजर- 2, फिल्ड ऑफिसर- 2, टेलीकॉलर-1 की अर्जेंट आवश्यकता है वेतन 10000 से 25000 पेट्रोल खर्च अलग सम्पर्क करें- उद्योग फाइनेंस बिलासपुर 9285000030, 6269111133 **(32440)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस ब्वाय- 3 पद, सामान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग, सफाई कार्य करने के लिए आवश्यकता है। वेतन- 8000 से 10000 सम्पर्क करें-95754 88884 **(32434)**

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में हेल्पर कार्य हेतु लड़के, लड़की, कम्प्यूटर हेतु लड़की (Busy/ Telly अनुभवी) बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार, SBI ATM के पास, रिंग रोड No-2, बिलासपुर 7470592624 **(32432)**

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट (Head Office) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना+ खाना+ मेडिकल) रायपुर संपर्क- 08882 895824 **(2369)**

**आवश्यकता है**-नीमित लुब्रीकेन्ट, ऑटो पार्ट्स दुकान में काम एवं सामान को ट्रांसपोर्ट में छोड़ने हेतु एक लड़का चाहिए (जो गाड़ी, ऑटो, ईरिक्शा चलाना जानता हो) सम्पर्क करें- कुदुदण्ड बिलासपुर 9340672459, 7489835003 **(32429)**

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री मे बिस्कुट पैकिंग काम करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम और बिजली की सुविधा फ्री है पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर संपर्क- 7828735534 **(2408)**

**आवश्यकता है**-बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/ बेरोजगार लड़कें लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्ट टाइम/ फुल टाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28500 से 35500 महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए NOC-2150/- जरूरतमंद लोग कॉल/ Whats App करें +918583047417 **(1310)**

**आवश्यकता है**- छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वीं 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना। सम्पर्क करे 9685388875, 88276 88865 **(32471)**

**Required**- Employee, Qualification B.Com/ Graduate, Tally ERP-09, MS Excel, MS Word, Typing, Work-Work at CA Office Salary- Salary as Per Qualification Address- Real Heavence Complex, Mangla Chowk, Bilaspur 7898648060, 9691256607 **(32342)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य टेलीकालिंग हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता हैं योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट। सम्पर्क करें- नेहरू नगर स्मार्ट रोड, गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(32361)**

**आवश्यकता है**-आफिस कार्य टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों महिलाओं की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 7247256787 **(323402)**

**आवश्यकता है**-बर्तन दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। (कॉल करें- सुबह 11 बजे से रात 9 बजे) सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 9993293951 **(32428)**

**आवश्यकता है**-माँ भवानी मेडिकल स्टोर गुरुनानक चौक तोरवा दवा दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में। शीघ्र सम्पर्क करें- 9302628850, 98271 26760 **(32436)**

**आवश्यकता है**-बिजली, पानी, आवास फ्री, स्कूल सहायिका 40वर्ष से कम, मासिक वेतन 4000/- और एक डीजल आटो चालक चाहिए मासिक 9000/- सम्पर्क करें- अरोरा सर पंचवटी स्कूल राजकिशोर नगर बिलासपुर 9340347654 **(32437)**

**आवश्यकता है**-ग्लोबल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेन्ट भर्ती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500+ 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना, मेडिकल फ्री मार्क शीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। सम्पर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास, लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) 9109799525 **(6301)**

**आवश्यकता है**- UTN Shop में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 तक पता- शॉप नम्बर FS-16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 8878973171 **(32420)**

**आवश्यकता है**-रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा/ स्विफ्ट चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी क्रिस्टा-25000, स्विफ्ट-15000+ PF+ ESI+ पेंशन संपर्क करें-राहुल ट्रैवल्स, रायपुर एयरपोर्ट 73994 11411 **(3670)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट (Head Department) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (35400- 83900) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्कः- 09310717928 **(2358)**

## बेचना

**बेचना है**-सकरी शहर के मध्य पक्की रोड से लगी हुई 12×18 की ग्राउण्ड फ्लोर में 2 दुकान, 12×18 की फर्स्ट फ्लोर में 2 दुकान तथा 20×8 का खुला प्लाट बटालियन चौक, नया बाजार के पास सकरी में बेचना है। सम्पर्क करें- क्रांतिलाल साहू 9329646270, 79873 58440 **(32472)**

**बेचना है**-गीतांजली सिटी फेस-2 में पूर्व मुखी 3BHK मकान प्लाट साईज 1800 वर्गफुट एवं बिल्टप एरिया 1000 वर्गफुट तथा पूर्व मुखी 22×53 डायवर्टेड प्लाट भी बेचना है। सम्पर्क करें- 93006 72356, 9644441986 **(32477)**

**बेचना है**-सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय एवं उषा वैली कालोनी के पास सिटी बस स्टॉपेज के सामने बिरकोना बिलासपुर में 1 एकड़ 30 डिसमिल रजिस्ट्री की हुई जमीन तत्काल बेचना है। 9406441535, 93008 78897 **(2409)**

**बेचना है**-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज़ लेआउट प्लाट, 3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK फ्लेट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 8839455596, 7697644444 **(31998)**

**बेचना है**-DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 **(31649)**

**बेचना है**-अशोक नगर में 12×17 का कमर्शियल शॉप तत्काल बेचना एवं 30 डिसमिल प्लॉट बिरकोना में तत्काल बेचना एवं 40×53 का 5 डिसमिल प्लॉट पत्रिका कॉलोनी के पास बेचना है संपर्क- 9907169462 **(2410)**

**बेचना है**-TNC Rera Approved प्लाट मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर लेआउट, डायवर्टेड प्रोजेक्ट 100 परिवार, निवासरत मंदिर, गार्डन, बाउंड्रीवॉल, गार्ड मात्र 1199/- वर्गफीट बैंक फाइनेंस सुविधा सम्पर्क करें- 97136 66001, 9993864783 **(32320)**

**बेचना है**-ओम नगर डल्ला गली जरहाभाठा बिलासपुर में दो रूम, हाल किचन लेटरिंग बाथरूम वाला सर्वसुविधायुक्त मकान किराए से देना है या बेचना है सम्पर्क करें- 76930 22919 **(32463)**

**बेचना है**-(1)स्कूल बस महिंद्रा कॉस्मो 2013 मॉडल 32 सीटर (2) दो टाटा मैजिक 2015 मॉडल सभी गाड़ियां रनिंग कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- राजा सिंह 70005 59098 **(32451)**

**बेचना है**-यदुनन्दन नगर तिफरा के विभिन्न हिस्सों में डायवर्टेड प्लॉट कीमत 550 से 1100 रुपए में एवं 26 लाख में 2BHK मकान, 2:67 लाख छूट। संपर्क रविन्द्र पाटनवार 9753311111 **(31558)**

**बेचना है**- उषालता काम्प्लेक्स किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड दुकान 600 फुट एवं नीचे दुकान नं.- 3 एवं 4 बेचना है । सम्पर्क करें- 7582982000, 98266 81000 **(32450)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष**- आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। पताः-2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg संपर्कः- स्वामी कुलदीप जी 80591 78317 **(2384)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**ज्योतिष**-फ्री सेवा घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन, दुश्मन छुटकारा, लव मैरिज, रूठें मनाना, ग्रह कलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119 **(12146)**

## किराया

**किराया**-सर्व सुविधायुक्त 2BHK के दो मकान भू तल ग्राउण्ड फ्लोर में सेप्रेट मकान इंदिरा कालोनी विद्या नगर कृष्णा विहार अपार्टमेंट के सामने मकान किराये पर देना है संपर्क करें- 9425229830, 7987709749 **(32443)**

## चिकित्सा

**दन्त चिकित्सा**- दांत एवं मसुड़ों में दर्द सूजन, गुटखा के सेवन से होने वाले, छाले मुह न खुलने से परेशान मरिज संपर्क करें घोष डेन्टल क्लीनिक बृहस्पति बाजार मिशन स्कूल के पास बिलासपुर मो. 88154 49963, 8964040641 **(32427)**

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-(धोखेबाजों से सावधान) महिंद्रा फाइनेंस आधार कार्ड, पर्सनल, मार्क शीट बिजनेस कम समय आसान किस्तो पर घर बैठे लोन पाएं अपना रोजगार बढ़ाए (ब्याज 2%, फाइल चार्ज लोन द्वारा) जरुरतमंद संपर्क करे- 8307770239 **(1309)**

## व्यापार

**व्यापार**-घर में पार्ट/ फुलटाईम कम्पनी हेतु काम करें विद्यार्थी, गृहणी, रिटायर्ड, नौकरी पेशा व्यवसायी MNC-94, देशो में कार्यरत कंपनी शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नही ट्रेनिंग एवं मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें- 8839008253, 99268 58012 **(32469)**




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-मो.9826129386
- जे.जे.एडवरटाइजर्स:-मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो.9826705603
- एड प्रयास:-मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर.एडवरटाइजर्स:-मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:-मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो.9827466133, 9907047586

Medicare Specialists

सोरियासिस (Psoriasis)
बिना रोगी को देखे मोबाईल से फोटो भेजकर दवा बेचने वालो से फोन द्वारा दवा मंगाने से कुछ नहीं होगा कोई समस्या हो जाये तो किसको कहां कहने जायेंगे। चिकित्सा के समय डॉक्टर के निगरानी में रहना जरूरी होता है। सावधान। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूरी चिकित्सा है ही नही। यह वात, पीत कफ तीनो की विकृती त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसऑर्डर रोग है। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनो नही है। सिर के रूसी का भ्रम, शरीर मे तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों मे सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किड़नी खराब हो गये और कई लोग हाईबीपी के शिकार हो गये यदि सफेद दाग (ल्यूकोडमा) एवं समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरूस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
मो. 9425555659, 9617789223
डॉ. वी.के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि.न. 00255
मो. 9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
मो. 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाईनेंस के पीछे दुर्ग (छ.ग.)
समय - शाम 4 बजे से 7 बजे।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद

- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

# लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लिवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं। रविवार को लिवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।




## फिल फोडेन ने 33वें और 65वें मिनट में दागे गोल

*मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे। रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका।*



## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : पहले दिन जीते छह पदक

# तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।





### 16 कोटा स्थान दांव पर

*इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे।*

### ईशा के फाइनल में 243.1 अंक

*महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

## हेनरिक क्लासेन ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा



एजेंसी ▶▶| प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त कॅरियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट कॅरियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट कॅरियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## अनाहत 2024 ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में रहीं उपविजेता



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहीं। अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।

## बीएआई 28 खिलाड़ियों के अनुभव का खर्च उठाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ इस साल सीनियर राष्ट्रीय पुरुष और महिला चैंपियन क्रमशः चिराग सेन और अनमोल खर्ब सहित 28 खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का खर्च उठाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में 26वें से 75वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों के अलावा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें इससे फायदा मिलेगा। इसके लिए पैसा बीएआई और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की साझेदारी से आएगा। अबु धाबी मास्टर्स चैंपियन उन्नति हुड्डा और 2023 बैडमिंटन एशिया अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी एकल और युगल वर्ग के उन 28 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें कई प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने सोमवार को कहा।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 जंग आज

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

# पदक से शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा। इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर



टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी।


**कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, धौरपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

क्र / / निविदा / 2024 — धौरपुर दिनांक 09/01/2024

**निविदा आमंत्रण**

वित्तिय वर्ष 2023-24 मितानिन आवासीय प्रशिक्षण हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना है, जिस हेतु निविदा प्रपत्र एवं प्रशिक्षण से संबधित जानकारी रा.स्वा.मिशन धौरपुर में राशि 1500 रू का डीडी / नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा भरने हेतु इच्छुक फर्म को 1500 रू (एक हजार पांच सौ रूपये मात्र) OTHER FUND BLOCK LUNDRA A/C NO 0700104000334846 के नाम से डीडी प्रस्तुत कर अथवा नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है, डीडी / नगद के माध्यम से जमा की जाने वाली राशि नॉन रिफन्डेबल होगी।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्य में जीएसटी नं., खाद्य विभाग का जीवित पंजीयन, 01 वर्ष का शासकीय कार्यानुभव आदि होना आवश्यक है, जिला सरगुजा के फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी, किसी भी प्रकार के विवाद या अन्य कारणों से निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार खण्ड चिकित्सा अधिकारी, धौरपुर/ खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित समिति/नोडल अधिकारी, प्रशिक्षण का होगा।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का तारीख : 10/01/2024 से 17/01/2024
निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि : 18/01/2024 समय दोपहर 1.00 बजे।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामु. स्वा. केन्द्र धौरपुर**

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**NOTICE FOR PUBLIC HEARING**

State Load Despatch Centre (SLDC) has filed a proposal for detailed operating procedure for forecasting and scheduling for Renewable Energy (RE) Generating Stations Parks/Pooling substations.

The copy of proposal can be downloaded from the Commission's website- www.cserc.gov.in and can also be obtained from the Commission's office. Comments/ suggestions of the stakeholders/public are invited by 05/02/2024. Also, a hearing in this regard will be held on 14/02/2024 at 11:30 am in the Commission's office

"SAVE ELECTRICITY" — SECRETARY

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
नगरनार, जिला-बस्तर (छत्तीसगढ) - 494001
(सीआईएन-U27310CT2015GO1001618)

वाणिज्य विभाग
नोटिस सं एनएसएल/वाणि/विक्रय/एनआइटी/बिएफ स्लैग/23-24/01
दिनांक : 09-01-2024

एनएमडीसा स्टील लिमिटेड (एनएसएल)छत्तीसगढ राज्य, नागरनार में स्थित अपने स्टील प्लांट से एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) से ब्लास्ट फर्नेस ग्रैनुलेटेड स्लैग खरीदने में रुचि रखने वाले सभी खरीदारों (औद्योगिक उपयोगकर्ताओं /व्यापारियों/व्यापारी निर्यातकें) को आमंत्रित करता है।
उपरोक्त श्रेणियों के इच्छुक खरीदार मूल्य, विशिष्टताओं, उपलब्धता और अन्य विवरणों के लिए निम्नालिखित से संपर्क कर सकते है :

1. श्री सतीश कुमार, महाप्रबंधक (वाणिज्य) satishkumar@nmdc.co.in
संपर्क : 91-9490759611
2. श्री मनु यादव, प्रबंधक,(वाणिज्य) yadavmanu@nmdc.co.in
संपर्क : 91-9599221787

महाप्रबधक (वाणिज्य)

**आवश्यक सूचना**

श्री संजय कुमार मिश्रा कार्यपालन यंत्री (एस.टी.एम.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., बैकुण्ठपुर आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने कार्य में लंबे समय से अनुपस्थित हैं। जिसके संदर्भ में आपको बारम्बार पत्राचार के माध्यम से जवाब प्रस्तुत हेतु निर्देशित किया गया है, परन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा इस परिप्रेक्ष्य में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही अपने कार्य पर उपस्थित हुए है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि प्रकाशित दिनांक से 03 दिवस के भीतर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होवें। अन्यथा कंपनी के नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

**अधीक्षण यंत्री, (वृत्त)**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि.**
**बैकुण्ठपुर**

**भारतीय सेना में एक अधिकारी के रूप में शामिल हों**

INDIAN ARMY
भारतीय सेना
INDIAN ARMY

**एनसीसी विशिष्ट प्रवेश योजना**



भारतीय सेना एनसीसी स्पेशल प्रवेश योजना
56वें पाठ्यक्रम (पुरुष एवं महिला) हेतु
ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है।
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ
08 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक
अधिक जानकारी के लिए
www.joinindianarmy.nic.in
पर आयें।

Scan the QR Code for more information

cbc 10601/13 /0052/2324




## रोचक खबरें

### मशहूर : पूरे एशिया में सबसे खास है यह चिड़ियाघर, यहां हैं हर राज्य के पशु-पक्षी

**नैनीताल।** उत्तराखंड का नैनीताल तो पूरे देश में मशहूर है, ये तो हम सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं यहां का चिड़ियाघर भी पूरे एशिया में एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं। जी हां, कई आकर्षणों के बीच यहां एक चिड़ियाघर भी हैं, जो एशिया का सबसे हाई एल्टिट्यूड जू होने के अलावा देश के कोने-कोने से लाए जाने वाले जानवरों की प्रजातियों के लिए भी मशहूर है। लगभग 11 एकड़ में फैले नैनीताल चिड़ियाघर परिसर भी काफी खूबसूरत है, जगह-जगह यहां आपको पेंटिंग्स दिख जाएगी, जिसमें कुमाऊंनी शैली डिजाइन की गई है। वहीं पूरे परिसर में घूमने के बाद आप खूबसूरत पार्क में आराम भी कर सकते हैं।



**1984 में हुई थी स्थापना :** 11 एकड़ में फैले इस चिड़ियाघर की स्थापना 1984 में की गई थी, साल 1995 में इस चिड़ियाघर को पर्यटकों और आम नागरिकों के लिए भी खोल दिया गया था। अभी यहां देश-विदेश से लाए गए कुल 200 जानवर और पक्षी मौजूद हैं।इनमें तेंदुआ, बंगाल टाइगर, तिब्बती भेड़िया, हिमालयन ब्लैक बीयर, मोनाल, सिल्वर फीजेंट और मारखोर जैसी प्रजातियां शामिल हैं। बता दें, उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत के चौथे गृह मंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर इस जगह का नाम रखा गया।

### उत्सव : संक्रांति पर होगी मुर्गों की लड़ाई, ताकत के लिए खिलाई जा रहीं दवाएं

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान मुर्गों की लड़ाई होती है। इस लड़ाई में सट्टेबाजी भी की जाती है, जिसमें करोड़ों रुपये दांव पर लगते हैं। अब मकर संक्रांति कुछ ही दिनों बाद आने वाली है, इसलिए मुर्गापालक अपने मुर्गों को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए स्टेरॉयड युक्त भोजन के अलावा वियाग्रा और शिलाजीत भी खिला रहे हैं। इससे पता चलता है कि इलाके में मुर्गों की लड़ाई कितनी जरूरी है। इस साल मुर्गों की लड़ाई का त्योहार 14 से 16 जनवरी तक मनाया जाएगा और इसके लिए अखाड़े भी खुल गए हैं।



**बीमारी के कारण कमजोर हो गए हैं मुर्गे :** हालांकि, संक्रांति के लिए कम समय बचा है। ऐसे में दावेदार मुर्गों को अच्छी स्थिति में रहने की जरूरत है, लेकिन एक वायरल बीमारी 'रानीखेत' के कारण मुर्गे कमजोर हो गए हैं और लड़ने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में मुर्गापालक अपने मुर्गों को वियाग्रा और शिलाजीत खिलाकर ताकत देने की कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुर्गापालक बगैर यह सोचे अपने मुर्गों को इंसानों के लिए बनी कामोत्तेजक दवाओं को खिला रहे हैं कि इससे उनमें ताकत आएगी या नहीं। एक मुर्गापालक ने कहा, हमने मुर्गे-मुर्गियों को बीमारी से बचाने के लिए बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन वो कमजोर हो गए हैं।

### नौकरियां : चीन में मंकी किंग बनकर खाने होंगे केले, 70,000 रुपये मिलेगा वेतन

**बीजिंग।** दुनियाभर में ऐसी कई नौकरियां हैं, जिनके बारे में शायद आपने कभी कल्पना नहीं की होगी। इसी कड़ी में अब चीन के हेबेई प्रांत का पर्यटन स्थल वुझिशान सीनेक एरिया ने एक अनोखी नौकरी निकाली है। यह नौकरी 'मंकी किंग' बनने की है यानी इसमें व्यक्ति को 'मंकी किंग' की वेशभूषा धारण करके एक गुफा में रहना होगा और पर्यटकों द्वारा दिए केले खाने होंगे। दरअसल, यहां सुन वुकोंग नामक 'मंकी किंग' चीनी किंवदंती के रूप में लोकप्रिय है। ऐसे में यहां 'मंकी किंग' के आइकॉनिक किरदार में ढलने के लिए लोगों को ढूंढा जा रहा है।



**रहना होगा गुफा में, दो चुने गए, एक की तलाश :** इस नौकरी के लिए जो भी उम्मीदवार चुना जायेगा, उसका ऑफिस किसी इमारत में नहीं, बल्कि एक पहाड़ के नीचे गुफा में होगा। वुझिशान सीनेक एरिया के एक प्रबंधक के मुताबिक, इस नौकरी के लिए 2 उम्मीदवारों को चुना जा चुका है और अब केवल एक उम्मीदवार की और जरूरत है। कंपनी प्रबंधक ने कहा कि इसमें उम्मीदवार को सिर्फ बंदर का मुखौटा पहनकर और 'मंकी किंग' के रूप में तैयार नहीं होना है, बल्कि पर्यटकों के साथ जुड़ना भी होगा और उनके द्वारा दिए जाने वाले केले को भी खाना होगा। उम्मीदवार को मौके पर ही पर्यटकों द्वारा दिए जाने वाला भोजन खाने की जरूरत नहीं है, इसलिए कोई भी व्यक्ति अपनी सेहत के बारे में चिंतित न हो।

## इकलौती प्रति

### बेहद अनोखी है ये रामायण, पढ़ते-देखते समय सुरक्षा में तैनात रहते हैं कर्मचारी

उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम है बेहद उत्साहित

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामकाज के बीच आज हम एक ऐसी रामायण के बारे में आपको बताने जा रहे हैं जो बेहद अनूठी है। जब भी कोई इसे देखने या पढ़ने आता है तो इसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारी तैनात रहते हैं। उर्दू में लिखी गई ये अनोखी रामायण मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी है।





आपको बता दें कि उर्दू में लिखी हुई रामायण अब डिजिटल हो गई है. अब उर्दू में लिखी रामायण को डिजिटल रूप में पढ़ा जा सकता है। एक सौ चार साल पुरानी इस रामायण के कई महीनों की मशक्कत के बाद डिजिटल किया गया है। विवि के छात्र छात्राएं और उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम बेहद उत्साहित हैं। सभी का कहना है कि उर्दू में रामायण पढ़ना बेहद दिव्य अनुभव है।

#### 1916 को लाहौर में हुई थी प्रकाशित, पूरी दुनिया में सिर्फ इकलौती प्रति

खास बात यह है कि उर्दू में लिखी यह 'रामायण' बेहद अनमोल है। देश में मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में ही इसकी इकलौती प्रति मौजूद है। बताया जाता है कि आजादी से पूर्व जब पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत का हिस्सा हुआ करते थे, तब 1916 में लाहौर में उर्दू रामायण प्रकाशित हुई थी। इस रामायण को महात्मा शिवव्रत लाल द्वारा उर्दू में ट्रांसलेट किया गया था। जिससे जो भी उर्दू भाषा में रामायण का अध्ययन करना चाहते हैं वह इस रामायण को पढ़ सकें।

#### जिसके पास थी रामायण वह देने तैयार नहीं थे

इस रामायण में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण से जुड़ी सभी चौपाई उर्दू में दी हुई हैं। चौधरी चरण सिंह विवि में राजा महेंद्र प्रताप पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ जमाल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि, वो कुछ वर्षों पहले एक कार्यक्रम में गए थे। जहां एक विद्वान व्यक्ति की निजी लाइब्रेरी में उन्होंने यह उर्दू रामायण देखी। उर्दू रामायण को देखकर जमाल सिद्दीकी ने आग्रह किया कि इस नायाब और खास भाषा में लिखी रामायण को उन्हें दे दिया जाए। पहले तो संबंधित व्यक्ति द्वारा इस रामायण को देने से मना कर दिया गया। बार बार अनुरोध करने के बाद इसे राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी के लिए लाया गया। तब से यह लाइब्रेरी की अमानत बनी हुई है और अब इस रामायण को डिजिटल कर दिया गया है।

#### पढ़ते-देखते समय तैनात रहते हैं दो कर्मचारी

लगभग 104 वर्ष पुरानी यह उर्दू रामायण सिर्फ उन्हीं छात्रों को दिया जाता है जो इसके बारे में जानना चाहते हैं। इतना ही नहीं रामायण का अध्ययन करते समय लाइब्रेरी प्रशासन का कोई ना कोई पदाधिकारी साथ में रहता है क्योंकि यह विश्विद्यालय की एक अनमोल अमानत है।

#### डिजिटल प्लेटफार्म पर लांच ग्लोबल होगा संस्करण

लाइब्रेरी प्रशासन ने इस खास रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लॉन्च कर दिया है। विवि प्रशासन ने इस उर्दू रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया है। बहुत जल्द डिजिटल संस्करण ग्लोबल हो जाएगा और कोई भी कहीं पर भी उर्दू में लिखी हुई रामायण पढ़ सकता है। शायद इसलिए कहते हैं कि वाकई में राम की महिमा निराली है और राम के भक्तों की श्रद्धा अपरंपार है।

## दुनिया की सबसे पुरानी और गहरी झील, छुपा है 500 टन सोना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि दुनियाभर में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें देखने के बाद आपको अपनी आंखों पर यकीन नहीं होगा। उनसे जुड़े तथ्यों को जानकर यही ख्याल आता है कि दुनिया में ऐसा भी हो सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के बहुत से रहस्यों को सुलझा दिया है, लेकिन आज भी ऐसे कई रहस्य मौजूद हैं, जिन्हें सुलझाना बाकी है। बिल्कुल ऐसा ही एक रहस्य रूस की बैकाल झील अपने में समेटे हुए है। दरअसल, रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी, सबसे बड़ी और सबसे पुरानी झील है, झील में उतरना खतरे से खाली नहीं है, कहते हैं कि इस झील में जाने वाले का वापस आना मुश्किल हो जाता है।



### आखिर क्यों मानी जाता है इसे खतरनाक

बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी और सबसे बड़ी ताजा पानी की झील है। बैकाल झील में दुनिया का लगभग 20 फीसदी साफ पानी का जमाव है। झील के ऊपर बर्फ की चादर के नीचे पानी बेहद ठंडा रहता है जिसमें मानव का जीना नामुमकिन ही है। शायद यही कारण है कि इस झील में किसी को भी उतरने नहीं दिया जाता यह झील 1700 मीटर यानी 1.7 किलोमीटर गहरी है, जिसे मीठे पानी का एक प्रमुख स्रोत भी माना जाता है। यह झील लंदन और एडिनबर्ग के बीच की दूरी जितनी लंबी है, जोकि हर साल 2 सेमी की दर से बढ़ती ही जा रही है।

### सर्दियों में जम जाती है दो मीटर मोटी बर्फ

इतना ही नहीं, सर्दियों में पारा गिरने से इस झील पर दो मीटर मोटाई की बर्फ की परत जम जाती है। सबसे खास बात है कि जब बैकाल झील जम जाती है, तो यहां एक अद्भुत नजारा भी सामने आता है। बैकाल झील का पारिस्थितिकी तंत्र ऐसा है कि जब झील जम जाती है तो यहां का पानी मीथेन गैस का वातावरण में रिलीज नहीं होने देता है।

### बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी

बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी है। यही कारण है कि इसे दुनिया की सबसे पुरानी झील माना जाता है। यह झील चारों तरफ से पहाड़ों से घिरी हुई है। इसके उत्तर तट पर बैकाल पर्वत, उत्तर पूर्वी तट पर बरगुजिन रेंज और पश्चिमी तट पर प्रीमोर्सकी रेंज शामिल है।

**झील में ओलखोन सहित 27 द्वीप शामिल :** इस झील में 27 द्वीप भी शामिल हैं। जिसमें सबसे बड़ा ओलखोन द्वीप है, जोकि 72 किमी (45 मील) लंबा है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा झील से घिरा द्वीप है। झील को लगभग 330 बहने वाली नदियों से पानी मिलता है। बैकाल में सीधे बहने वाली मुख्य धाराएं सेलेंगा-बारगुजिन, ऊपरी अंगारा, तुर्का, सरमा और स्नेझनाया हैं।

## पार्क में टाइगर को टहला रहा था बच्चा, फिर अचानक हुआ ऐसा....

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आपने कुत्ता, बिल्ली, कुत्ता समेत कई जानवरों को अपने घर में पाला होगा या अपने अगल बगल किसी को पालते हुए देखा होगा. लेकिन क्या आपने कभी बाघ पाला है या फिर घुमाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बच्चा बाघ को एक पार्क में टहला रहा है। बाघ के गले में एक चैन दिखाई दे रही है जिसे पकड़कर वह बच्चा उसे टहलता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो को देखकर एक पल के लिए तो ऐसा लग रहा है कि यह बाघ उसका पालतू जानवर लेकिन थोड़ी देर बाद जैसे ही बच्चा चेन खींचकर बाघ तो खींचने की कोशिश करता है तो वह बाघ बच्चे पर अटैक करने के लिए आगे बढ़ता है।



### यूजर्स की प्रतिक्रिया सामने आई

सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एक यूजर ने लिखा कि भाई वो टाइगर है कुत्ता नहीं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि बच्चे का जीवन टाइगर के मूड पर निर्भर है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि लाइक और व्यूज के लिए बच्चे की जान को जोखिम में डालना सही नहीं है। खबर लिखे जाने तक इसे 23 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है और 4 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इसे देखा है।

### शिकारियों से बचने एक आंख खोलकर सोती है डॉल्फिन

**नई दिल्ली।** जलीय स्तनधारी जीवों में माना जाता है कि डाल्फिन मछली दिमाग की सबसे तेज होती है। आपने भी अक्सर उसे इशारों पर करतब करते हुए देखा होगा। क्या आप जानते हैं कि जब जलीय स्तनधारी जीव डॉल्फिन सोती है तो अपनी एक आंख खोलकर सोती हैं, जिससे वह नींद में भी सचेत रहकर खुद को शार्क जैसे शिकारी जीवों से बचा पाती है। सोते समय भी उसका आधा दिमाग काम करता रहता है। इसका कारण है कि उसे कभी-कभी सतह तक जाने और सांस लेने के लिए पर्याप्त नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत होती है।

## रहस्य — इस गांव में 400 से ज्यादा जोड़े जुड़वा

### इस गांव में हैं सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक ऐसा गांव है, जहां सैकड़ों जुड़वा बच्चे हैं। इस गांव का नाम कोडिन्ही है और यहां असामान्य रूप से बड़ी संख्या में जुड़वा बच्चे हैं। कुछ लोग इसे खान-पान का नतीजा बताते हैं तो कुछ इसे हवा-पानी की देन मानते हैं। ऐसा होने का कारण पता लगाने के लिए कई तरह के शोध भी किए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी यह एक रहस्य बना हुआ है।



कोडिन्ही, मलाप्पुरम जिले का एक छोटा और सुदूर गांव है, जहां सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गांव में 400 से ज्यादा जोड़े जुड़वा हैं। जुड़वा बच्चों की इतनी अधिक संख्या होने के कारण ही इस गांव को 'ट्विन टाउन' भी कहा जाता है। इस असामान्य घटना की पहेली को सुलझाने के लिए डॉक्टर और विषेषज्ञ भी अपना दिमाग लगा रहे हैं। हालांकि, वे अभी तक किसी सटीक नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं।

#### 1990 के बाद से जुड़वा बच्चों के जन्म में हुई वृद्धि

जानकारी के मुताबिक, गांव में जुड़वा बच्चे के जन्म का मामला पहली बार 1940 के दशक में आया था, लेकिन 1990 के दशक के अंत तक जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इसके बाद से ही गांव में जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिससे यह धीरे-धीरे शोधकर्ताओं के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है, जो जुड़वा जन्म की घटना का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।

**जुड़वा बच्चों को विशेष उपहार मानते हैं निवासी :** गांव के लोग जुड़वा बच्चे होना एक विशेष उपहार के रूप में देखते हैं और अपनी जुड़वा आबादी पर गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, यहां के निवासी जुड़वा बच्चों के लेकर वार्षिक उत्सव भी मनाते हैं और इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग कोडिन्ही आते हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com